

## एक नजर में

### रेलवे ने शुरू की बहुप्रतीक्षित परियोजना की प्रक्रिया

**नीमच।** जिले के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित बघाना और हिंगोरिया रेल ओवरब्रिज निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठ गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने नीमच सहित पांच स्थानों पर रेल ओवरब्रिज निर्माण के लिए करीब 71 करोड़ 97 लाख का टेंडर जारी कर दिया है। इससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और वर्षों पुरानी मांग के साकार होने की उम्मीद जगी है। जारी निविदा के अनुसार नीमच स्टेशन यार्ड स्थित लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 120 (बघाना) तथा नीमच–हरकियाखाल रेलखंड पर लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 125 (हिंगोरिया) पर दो लेन रेल ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा दलौदा, धोसवास और बड़नगर में भी इसी परियोजना के तहत ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। टेंडर दस्तावेजों के अनुसार निविदा प्रक्रिया 3 अगस्त 2026 तक चलेगी। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा 18 माह निर्धारित की गई है। परियोजना पूरी होने के बाद शहर में रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि दोनों रेल ओवरब्रिज बनने से शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा और रेलवे फाटकों पर होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिलेगी।

### जिला कौशल समिति की बैठक 27 जुलाई को

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक 27 जुलाई 2026, सोमवार को प्रातः 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, नीमच में आयोजित की जाएगी। बैठक में कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधितों से समय पर उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### नीमच में अब तक औसत 275 .5 मिमी बारिश

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 275 .5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गईहै। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 471 .1 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू–अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 23 जुलाई 2026 की प्रातः 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है– नीमच में 358 .0 मि.मी., जावद में 247 .0 मि.मी., सिंगोली में 259 .0 मि.मी. तथा मनासा में 238 .0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 441 .0 मि.मी., जावद में 540 .0 मि.मी., सिंगोली में 571 .7 मि.मी. तथा मनासा में 332 .0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 23 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 15 .0 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान नीमच तहसील में 24 .0 मि.मी., जावद में 6 .0 मि.मी. मनासा में 14 .0 मि.मी. तथा सिंगोली में 16 .0 वर्षा दर्ज की गई।

### जीरन में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**जीरन।** मंगलवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ की भक्ति में पूरी तरह



सराबोर नजर आई. जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष, हरिनाम संकीर्तन, भजनों की मधुर धुन और पुष्पवर्षा के बीच निकली पहली भव्य रथयात्रा ने जीरन को आध्यात्मिक उत्सव में बदल दिया .यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन उज्जैन द्वारा पूरे मध्यप्रदेश मे निकली जा रही हे 16 जुलाई से 24जुलाई तक पूरे मध्यप्रदेश में चलेगी मध्यप्रदेश में 68वी यात्रा जीरन में सम्पन्न हुई हे, यात्रा का जीरन में जगह जगह चौराहों पर भव्य पुष्प वर्षा कर आरती कर स्वागत किया, इस्कॉन द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों श्रद्धालु उमड़े और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य रथ के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। मंगलवार को पहली बार बाल्हा हनुमान मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसने हजारों श्रद्धालुओं को आस्था के एक सूत्र में बांध दिया. वैदिक मंत्रोच्चार, मंगल आरती और नारियल फोड़कर रथयात्रा का शुभारंभ किया गया. बाला हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह भव्य यात्रा शहर के प्रमुख मार्ग प्रतापगढ़ दरवाजा, सरदार पटेल चौराहा, बस स्टैंड से गुजरते हुए गणपति मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला. पहली बार निकली इस रथयात्रा ने जीरन की धार्मिक परंपरा में एक नया और यादगार अध्याय जोड़ दिया है।

# रात के सन्नाटे में अंधगति से दौड़ी कार, चार घायल

- ग्रीन प्लाजा के पास हादसा, दो घायलों की हालत गंभीर
- प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम किया रैफर



**नीमच।** शहर में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। होटल ग्रीन प्लाजा के समीप बुधवार–गुरुवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक ब्रेजा कार पलटी खा गई और उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रतलाम रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ब्रेजा कार (एमपी–09–सीएच–4842) में सवार चार लोग जावरा से कपासन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्रीन प्लाजा के पास पीछे से तेज गति से आए एक अज्ञात थार वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ब्रेजा अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क पर अफरा–तफरी मच गई।

हादसे में अजहर खान, अली मोहम्मद, शेर अली सहित एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बताया जा रहा है कि घायलों में एक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि दूसरे को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रतलाम रेफर किया गया। अन्य दो घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने थार चालक के नशे में होने की आशंका जताई है, हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। हादसे के बाद अज्ञात कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और वाहन की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी भूरा कुरैशी सहित समाज के कई लोग जिला चिकित्सालय पहुंचे और घायलों के उपचार व परिजनों को सूचना देने में सहयोग किया।

# सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए जारी कार्रवाई

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा स्वच्छता नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।**

इसी क्रम में गुरुवार को नगर पालिका द्वारा फ्रूट मार्केट क्षेत्र में कचरा एवं गंदगी फैलाने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 15 व्यापारियों एवं ठेले संचालकों के विरुद्ध कुल 3,300 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। नगर पालिका द्वारा, कचरा फैलाने वालों पर 200 रुपये का मौके पर ही जुर्माना किया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, गोपाल नरवाले, भारत सिंह भारद्वाज और राजस्व शाखा के योगेश टांकवाल द्वारा यह कार्रवाई की गई।

नगर पालिका ने सभी व्यापारियों, ठेला संचालकों एवं आम नागरिकों से अपील की है, कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 का पालन करें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से चालानी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जावद में खेत पर काम करते समय फैला करंट जनपद अध्यक्ष के बेटे की करंट लगने से मौत

**नीमच। जावद थाना क्षेत्र के ग्राम नागथून में गुरुवार सुबह एक विद्युत हादसे में जावद जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपाल चारण के 22 वर्षीय पुत्र करन चारण का निधन हो गया। करन खेत पर कृषि कार्य करते समय विद्युत करंट की चपेट में आ गए थे।**

जानकारी के अनुसार, ग्राम नागथून निवासी करन (22) पुत्र गोपाल चारण गुरुवार सुबह अपने खेत पर कृषि कार्य के लिए गए थे। कार्य के दौरान वे अचानक फैले विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए।



आस–पास मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल करन को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

करन के असामयिक निधन की सूचना मिलने पर जावद ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

घटना की सूचना पर जावद थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया है। जावद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विद्युत करंट फैलने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# ई–रिक्शा मिलते ही खुशी से दमक उठा चेहरा

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की संवेदनशील पहल से जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग हितग्राही श्री पंकज चौहान को स्वरोजगार के लिए ई–रिक्शा उपलब्ध कराया गया। गत 21 जुलाई 2026 को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम डांगाड़ी, तहसील मनासा निवासी दिव्यांग पंकज चौहान पिता राजाराम चौहान ने स्वरोजगार के लिए ई–रिक्शा उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया था।

कलेक्टर ने आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग



श्रुति भयडिया को आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र ई–रिक्शा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशों के पालन में अल्ट्राटेक सीमेंट, खोर के सहयोग से उपलब्ध ई–रिक्शा 23 जुलाई 2026 को कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं डिप्टी कलेक्टर एवं उपसंचालक श्रुति भयडिया द्वारा पंकज चौहान को कलेक्टर कार्यालय में प्रदान किया गया।

ई–रिक्शा प्राप्त होने पर पंकज चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें स्वरोजगार का सहारा मिल गया है और वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का बेहतर ढंग से भरण–पोषण कर सकेंगे। उन्होंने इस सहयोग के लिए कलेक्टर एवं संबंधित सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 6ठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की 31 जुलाई तक

**नीमच। पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रामपुरा में शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा–6 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा - 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।**

विद्यालय के प्राचार्य श्री नंद किशोर पंवार ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी httpsÑ//cbseitms.rcil.gov.in/nvs अथवा httpsÑ//navodaya.gov.in के माध्यम से निर्धारित अंतिम तिथि तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा–निर्देश उक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया, कि प्रवेश के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जो शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नीमच जिले के किसी शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा–5 में अध्ययनरत हों। साथ ही अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना अनिवार्य है।

प्राचार्य श्री पंवार ने जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें, ताकि किसी भी पात्र विद्यार्थी को आवेदन से वंचित न रहना पड़े।

## एक नजर — नीट अनियमितताओं और छात्र आंदोलन पर कार्रवाई का विरोध

# भारत आदिवासी पार्टी और जयस का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**नीमच।** शहर के मेसी शोरूम चौराहे स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष गुरुवार से भारत आदिवासी पार्टी और जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच तथा दिल्ली के जंतर–मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठे हैं।

धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सच्चाई की लड़ाई शीर्षक से एक बड़ा पोस्टर भी लगाया, जिसमें छात्र आंदोलन, संसद मार्च और पुलिस कार्रवाई से जुड़े घटनाक्रम को दर्शाया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अपने अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी आवाज को बलपूर्वक दबाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।





### धरना स्थल पर रखी गई प्रमुख मांगें

- नीट परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक की उच्चस्तरीय सीबीआई जांच कराई जाए।
- मामले में शामिल सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो।
- पुलिस कार्रवाई में घायल छात्रों का निशुल्क और समुचित उपचार कराया जाए।
- छात्रों के साथ कथित अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

## मंदसौर

## एक नजर में

### छात्रावासों में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देश पर जिला जनजाति कार्य विभाग द्वारा उनके छात्रावास में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। 23 जुलाई से शुरू किए गए स्वास्थ्य परीक्षणों के अंतर्गत प्रथम दिवस 200 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इसके पश्चात द्वितीय दिवस गुरुवार को 600 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला संयोजक अंगूरबाला भगोरा ने बताया कि जिले में 36 छात्रावास है। जिनमें से अब तक 16 छात्रावास में रहवासी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। शीघ्र ही शत प्रतिशत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की ब्लड जांच, सिकल सेल, एनीमिया, बीपी एवं शुगर आदि जांच कार्य किए गए।

# मंदसौर की बेटी डॉ. खुशबू सिसोदिया बनीं क्रीड़ा अधिकारी

**मंदसौर।** मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता हासिल करने वाली मंदसौर की बेटी डॉ. खुशबू सिसोदिया का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से क्रीड़ा अधिकारी (स्पोर्ट्स ऑफिसर) के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। खेल, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली डॉ. सिसोदिया अब जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

डॉ. खुशबू सिसोदिया की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, मंदसौर से हुई। बचपन से ही उनकी रुचि खेलों, विशेष रूप से हॉकी, की ओर रही। उन्होंने छठी कक्षा से हॉकी



खेलना शुरू किया और स्कूल में स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने स्कूल गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। खेलों ने उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे गुण विकसित किए।

उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2015 में उन्होंने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (स्द्धक्ष्ठ), ग्वालियर में प्रवेश लिया, जहां से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (स्ढ्ढ) के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (हस्ढ्ढस्), पटियाला से हॉकी में खेल प्रशिक्षण डिप्लोमा प्राप्त किया।

शिक्षा के प्रति विशेष रुचि के चलते उन्होंने एलएनआईपीई, ग्वालियर से पीएच.डी. की उपाधि हासिल की। इसी दौरान उन्होंने यूजीसी–नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण कर यह साबित किया कि खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में समान रूप से उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है।

एमपीपीएससी के माध्यम से क्रीड़ा अधिकारी के पद पर चयनित होने के बाद डॉ. सिसोदिया ने कहा कि उनका उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उनका मानना है कि खेल और शिक्षा का समन्वय युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ. खुशबू सिसोदिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता दुर्गेश नंदिनी एवं नरेन्द्र सिंह सिसोदिया के साथ–साथ अपने गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के विश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने हर कठिन दौर में उन्हें आगे बढ़ने का संबल दिया।

# विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक पद के लिए 31 जुलाई तक आवेदन करें

**मंदसौर। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र मंदसौर, सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा एवं मल्हारगढ़ में विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के पदों की पूर्ति अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार सेवाए ली जानी है।**

इसके लिए 31 जुलाई को सायं 5 बजे तक इच्छुक उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक जिनकी आयु 52 वर्ष से अधिक न हो और कोई विभागीय जांच, अपराधिक प्रकरण एवं लंबे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित न हो वे निर्धारित प्रारूप में नियत तिथि एवं समय में अपने आवेदन जनपद शिक्षा केंद्र में जमा करा सकते हैं।

विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक पद के लिए निर्धारित आवेदन प्रारूप जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर से या जिले के समस्त संकुल प्राचार्य और जनपद शिक्षा केन्द्रों से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर में संपर्क कर सकते है।

# भाजपा कार्यालय में स्व. संजय यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि

**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्गीय संजय यादव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।**

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने स्व. संजय यादव के निधन को संगठन के लिए बड़ी क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने कहा कि स्व. यादव समर्पित, कर्मठ एवं संगठननिष्ठ कार्यकर्ता थे, जिनका



सेवाभाव और सरल व्यक्तित्व सदैव कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता रहेगा।

प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार ने कहा कि स्व. संजय यादव ने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष नंदू कुमावत ने कहा कि उनका मार्गदर्शन एवं संगठन के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रद्धांजलि सभा में विजय सुराणा, विजय अटवाल, विनोद डगवार, अरविंद सारस्वत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौहान ने किया।

सभा के अंत में उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## एक नजर — समाजसेवा और जनजागरण में भी मिसाल बना चौरड़िया परिवार

# 18 वर्षों तक पैसे को हाथ न लगाने का अनूठा संकल्प पूरा

**मंदसौर।** मंदसौर के युवा ऋषभ चौरड़िया ने अपने जीवन के 18 वर्षों तक पैसे को हाथ न लगाने का व्यक्तिगत संकल्प पूरा कर एक अनूठी मिसाल पेश की। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्होंने पहली बार मंदसौर की किन्नर गुरु अनीता दीदी के हाथों से शुभ आशीर्वाद के साथ पैसे ग्रहण किए। यह क्षण उनके लिए एक नई शुरुआत और वर्षों से निभाए गए आत्म अनुशासन का प्रतीक बना।

ऋषभ ने बताया कि इस संकल्प को पूरा करने में उनके पिता संजय चौरड़िया, माता श्रीमती सीमा चौरड़िया तथा पूरे परिवार का सबसे बड़ा योगदान रहा। परिवार ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया और 18 वर्षों तक इस संकल्प को निभाने में निरंतर सहयोग किया।

ऋषभ का कहना है कि उनका उद्देश्य धन का विरोध करना नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना था कि जीवन केवल पैसों पर निर्भर नहीं होता। जिस उम्र में अधिकांश बच्चे पैसों के लिए जिद करते हैं, उस उम्र से लेकर 18 वर्ष तक उन्होंने स्वयं पैसे को हाथ न लगाकर





आत्मसंयम, अनुशासन और संस्कार का संदेश देने का प्रयास किया। ऋषभ का यह भी दावा है कि इतने लंबे समय तक इस प्रकार का संकल्प निभाना एक विश्व रिकॉर्ड हो सकता है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित रिकॉर्ड संस्था द्वारा ही की जा सकती है।

ऋषभ केवल इस संकल्प तक ही सीमित नहीं हैं। उन्होंने गौहत्या पर रोक लगाने की मांग को लेकर 1,08,000 हस्ताक्षरों का जनअभियान चलाने का दावा किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भगवान महावीर स्वामी की एक विशेष कलाकृति, जिसमें जैन स्वस्तिक चिन्ह के 1008 सिक्कों का उपयोग किया गया है, भी तैयार करवाई है।

चौरड़िया परिवार समाज में स्वच्छता और संस्कार का संदेश देने के लिए भी निरंतर सक्रिय है। जैन समाज के विभिन्न आयोजनों में परिवार स्वयं डस्टबिन के पास खड़े होकर लोगों को जूठा भोजन इधर–उधर न फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी परिवार लगातार कार्य कर रहा है।